मूल्यः एक रूपया

# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील
आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–3, मई 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## मनाली में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का भव्य डीलर सम्मेलन

**शानदार प्रदर्शन करने वाले हिमाचल प्रदेश के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया**

हिमाचल प्रदेश कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रमुख बाजारों में से है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने राज्य के अपने डीलरों के पिछले प्रदर्शन का आंकलन करने और उन्हें कंपनी की भावी नीतियों से अवगत कराने के उद्देश्य से मनाली के सोलंग वैली रिसॉर्ट में दो दिवसीय डीलर सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन 30 अप्रैल, 2011 को आरंभ हुआ तथा इसकी समाप्ति 1 मई, 2011 को हुई। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, जी.एम. श्री राकेश मिसरी और राज्य में कंपनी की फ्रैन्चाइज़ी इकाईयों के निदेशकगण श्री ए.के. अग्रवाल और श्री अभिषेक राजा (हिम एलोयज़ एण्ड स्टील प्रा. लि.) तथा श्री एस.के. शर्मा (रेडियन्ट कास्टिंग) उपस्थित थे।

डीलरों को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से मैं आप सभी के सहयोग की तहेदिल से सराहना करता हूँ। आज राज्य में हमारे उत्पादों की भारी मांग हमारे उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और डीलरों के प्रयासों के परिणामस्वरूप है। अब समय आ गया है जब हम अपने प्रयासों को नई गति प्रदान कर विकास की नई राहों पर आगे बढ़ें। मैं आप सभी को एक बार फिर आश्वस्त करना चाहता हूँ कि कंपनी की प्रगति में भागीदार सभी सहभागी समान रूप से लाभान्वित होंगे।"



कंपनी की भावी योजनाओं से डीलरों को अवगत कराते हुए श्री अग्रवाल ने आगे कहा, "अपने विकास क्रम को भविष्य में भी बरकरार रखने के उद्देश्य से हम समूचे देश में अपने वितरण नेटवर्क को मज़बूत करने के साथ नए उत्पादों को भी बाजार में उतार रहे हैं। हमारे सभी नए उत्पादों को भी भारत के सभी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है।"

इस कार्यक्रम में कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अपने सहयोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटरों श्री मोहन अग्रवाल, श्री विक्रम जैन, श्री अजय पुरी, श्री प्रदीप गर्ग, श्री अनुज गर्ग और श्री संजय गुप्ता को डिस्ट्रीब्यूटर सराहना अवार्ड प्रदान किया गया। डीलरों को प्रोत्साहित करने हेतु कंपनी ने बेस्ट सर्पोर्टिंग अवार्ड, एक्सक्लूसिव डीलर्स अवार्ड, सुपर डीलर्स अवार्ड और वैल्यूएबल कंट्रीब्यूशन अवार्ड जैसे अनेकों पुरस्कार दिए।

इस कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गंभीर परिचर्चा के अतिरिक्त अनेकों मनोरंजक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था थी जिसका सभी ने आनन्द उठाया।



# पश्चिम बंगाल से वामपंथियों का राज खत्म



अगर इंसान चाहे तो कुछ भी हासिल कर सकता है। इस बात को यथार्थ कर दिखाया है पूर्व रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी ने। हाल ही में सम्पन्न विधान सभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस गठबंधन ने 294 में से 226 सीटों पर विजय हासिल करते हुए वामपंथियों के 34 वर्षों के शासन का अंत किया तथा बंगाल की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनकर सुश्री बनर्जी ने एक इतिहास रचा। सामान्य परिवार में जन्मीं सुश्री बनर्जी बिना किसी राजनैतिक गॉडफादर के इस पद तक अपनी अथक मेहनत और जज़्बे की वजह से पहुँच सकी हैं।

पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त अन्य राज्यों में हुए विधान सभा चुनावों में भी जनता ने विकास के लिए बदलाव की राह चुनी। असम में तरूण गोगई के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के अतिरिक्त अन्य सभी जगह सत्तारूढ़ पार्टियों को हार का सामना करना पड़ा है। चाहे तमिलनाडु में श्री करूणानिधि हों या केरल में श्री अच्युत्यानंद, जनता ने उनकी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को नाकाफी बताते हुए उन्हें दूसरा मौका देने से इंकार कर दिया।


इन चुनाव परिणामों से एक बात तो साफ है कि जनता अब सिर्फ विकास चाहती है। उम्मीद की जा रही है कि ये बदलाव इन राज्यों सहित देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएंगें।

## सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता को अफ्रीकी देशों का समर्थन




अफ्रीकी देशों ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की माँग का जोरदार समर्थन किया है। अफ्रीका–भारत फोरम शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुँचे भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की उपस्थिति में अफ्रीकी यूनियन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विस्तार की ज़रूरत बताते हुए इसमें भारतीय दावेदारी का समर्थन किया। इस सम्मेलन में 15 अफ्रीकी देशों ने भाग लिया था। इस मौके पर भारत ने भी आतंकवाद से जारी लड़ाई में अफ्रीकी देशों से सहयोग की अपील की। डॉ. सिंह ने कहा कि आतंकवाद, गरीबी का खात्मा, सतत विकास और असमानतामूलक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था जैसी चुनौतियां काफी गंभीर हैं और ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर भारत और अफ्रीका एक साथ मिलकर काम कर सकते हैं। भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए पांच अरब डालर की मदद का भी ऐलान किया है।

## विजेन्द्र सिंह के सिर सजा सेहरा



अपने दमदार मुक्कों के दम पर बीजिंग ओलम्पिक्स में भारत को मुक्केबाजी में पहला ओलम्पिक पदक जिताने वाले मुक्केबाज विजेन्द्र सिंह दिल्ली की अर्चना सिंह के साथ 17 मई, 2011 को परिणय सूत्र में बंध गए। भारत के सबसे बडे खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित विजेन्द्र सिंह वर्ष 2009 में अन्तर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग एसोसिएशन की रैंकिंग के शीर्ष पायदान पर पहुँचे थे। उम्मीद है अपने पेशेवर जीवन में अनेकों उपलब्धियां हासिल कर चुके विजेन्द्र सिंह व्यक्तिगत जीवन में भी एक सफल जीवनसाथी साबित होंगे। पूरा देश विजेन्द्र को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दे रहा है।

# छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

**उपभोक्ताओं को आई.एस.आई. व नॉन–आई.एस.आई. टी.एम.टी. के अन्तर से अवगत कराया गया**

छत्तीसगढ़ कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रमुख बाजारों में से एक है। इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं में अपने उत्पादों के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए कंपनी ने कनकर जिले के पखानजूर व जिला रायपुर के खरसिया नगर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

पखानजूर में हुए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में दक्षिणी छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्स सिंहल स्टील से श्री दीपक सिंहल और डीलर मैसर्स बाधरो सीमेंट सप्लायर्स से श्री प्रभात बाधरो उपस्थित थे। खरसिया में आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम उत्तरी छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्स बालाजी स्टील से श्री विक्की बजाज और डीलर मैसर्स आशीष ट्रेडर्स से श्री गणेश अग्रवाल तथा श्री आशीष अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।




इन कार्यक्रमों में प्रमुखतया उपभोक्ताओं को कामधेनु इस्पात लिमिटेड के टी. एम.टी. की विशिष्टताओं से अवगत कराने के साथ यह भी बताया गया कि किस प्रकार कंपनी के उत्पाद अन्य प्रतियोगियों के उत्पादों से बेहतर हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें आई.एस.आई. व नॉन– आई.एस.आई. टी.एम.टी. के अन्तर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कामधेनु इस्पात लिमिटेड उपभोक्ताओं के मध्य न सिर्फ अपनी लोकप्रियता को बढ़ा रही है बल्कि उन्हें जागरूक बनाकर भविष्य के लिए भी अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पादों के लिए बाजार का विस्तार कर रही है। अपनी इन्हीं नीतियों के चलते कंपनी को उपभोक्ताओं द्वारा सराहा जाता है।

# अब अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे कामधेनु पेंट्स की टिंटिंग मशीन द्वारा

**इस अत्याधुनिक तकनीक को कंपनी तेजी से देश के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध करा रही है**




निर्माण और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा कामधेनु पेंट्स उपभोक्ताओं के दिलों के रंगों को दीवारों पर लाने के लिए देश भर के अपने डीलर आउटलेट्स पर अत्याधुनिक टिंटिंग मशीन तकनीक उपलब्ध करा रही है। कामधेनु पेंट्स देश की उन कुछ चुनिंदा पेंट कंपनियों में से है जिनके पास टिंटिंग मशीन तकनीक उपलब्ध है।

टिंटिंग मशीन की मदद से ग्राहक असंख्य रंगों में से खास अपनी पसंद का रंग चुन सकते हैं। यह मशीन विभिन्न रंगों को मिलाकर उपभोक्ता का मनपसंद रंग विकसित करती है जिससे वह अपने ख्वाबों के रंग को दीवारों पर हकीकत में देख पाता है। इस तकनीकी की सहायता से कंपनी अधिकाधिक उपभोक्ताओं को अपने पेंट ब्रांड **Colour Dreamz** के प्रति आकर्षित करने में सफल हो पा रही है। कामधेनु पेंट्स उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण इन्हें देश भर में ग्राहकों द्वारा सराहा जाता है। वर्तमान में कामधेनु पेंट्स की बाजार में स्थिति पर प्रकाश डालते हुए श्री सौरभ अग्रवाल, निदेशक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड कहते हैं, "हमारे सजावटी और डिजाइनर उत्पादों की श्रृंखला में भीतरी और बाहरी इमल्शन्स, इनैमल्स, डिस्टेम्पर्स, टेक्सचर्ड व डिज़ाइनर फिनिशिस, प्राइमर्स और अन्य सहायक उत्पाद शामिल हैं। पर्यावरण अनुकूलित पेंट उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए हमने हाल ही में ईको–फ्रेन्डली पेंट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला लांच की है। हमारा उद्देश्य निकट भविष्य में बाजार में अग्रणी स्थान हासिल करना है। इसलिए ही हम अपने अधिकाधिक डीलर्स आउटलेट्स पर टिंटिंग मशीन जैसी अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध करा रहे हैं।"

कामधेनु पेंट्स ने दो वर्ष पहले ही टिंटिंग मशीन तकनीक विकसित की थी, तभी से कंपनी तेजी से इस तकनीक को देश भर के उपभोक्ताओं के लिए अपने डीलर आउटलेट्स पर उपलब्ध करा रही है। कंपनी जिस गति से इस तकनीक को देश के विभिन्न भागों में उपलब्ध करा रही है वह देश में कंपनी के बढ़ते कारोबार की तरफ भी इशारा करता है।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# गुरूदासपुर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता के बारे में प्रदान की गई महत्वपूर्ण जानकारियां**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से उपभोक्ता जागरूकता अभियान के तहत पंजाब के गुरूदासपुर शहर के शिवा रिसॉर्ट में दिनांक 9 अप्रैल, 2011 एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से महाप्रबंधक (मार्केटिंग) श्री वी.के. गहलौत, सह–प्रबंधक श्री हिमांशु शर्मा और श्री रजनीश कुमार गुप्ता, क्वालिटी इन्चार्ज श्री मुकेश कुमार, कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री आनंद मित्तल तथा कंपनी के डीलर मैसर्स जे.एन. डोगरा एण्ड ब्रदर्स की ओर से श्री जगजीत डोगरा एवं श्री अमित डोगरा भी इस समारोह में उपस्थित थे।

इस समारोह के आयोजन में मैसर्स जे.एन. डोगरा एण्ड ब्रदर्स का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में राजमिस्त्री एवं ठेकेदार उपस्थित हुए तथा पंजाब ट्रांसपोर्ट के डायरेक्टर श्री अशोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने कामधेनु टी.एम.टी. की विशेषताओं के बारे में बताया।



इस मौके पर श्री गहलौत ने ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों को सम्बोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को कंपनी के उत्पादों Fe-415, Fe-500 और Fe-550 टी.एम.टी. के बारे में भी जानकारी दी।

# जम्मू में कामधेनु पेंट्स की सेल्स मीट

**सर्वाधिक सेल्स अर्जित करने वाले व्यक्तियों, सेल्स डिपो और मार्केटिंग हेड को पुरस्कृत किया गया**

कामधेनु पेंट्स ने अपने पिछले प्रदर्शन की समीक्षा और आने वाले समय के लिए नीतियों पर चिंतन करने के उद्देश्य से कटरा (जम्मू) के होटल के.सी. रेज़ीडेन्सी में 16 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2011 तक एक वृहद सेल्स मीट का आयोजन किया। इस मीटिंग में उत्तर और पश्चिम भारत में कंपनी के सेल्स स्टाफ, कॉर्पोरेट ऑफिस स्टाफ और भिवाड़ी पेंट फैक्ट्री स्टाफ के सदस्यों ने भाग लिया। कामधेनु पेंट्स के अधिकारीगण श्री सौरभ अग्रवाल, निदेशक, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री विनीत अग्रवाल, जी.एम. (एफ एण्ड ए), श्री हरबिन्दर सिंह, आर.एस.एम. (उत्तर) और श्री कमल शर्मा, मार्केटिंग हेड (पश्चिमी उ.प्र.) ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। कंपनी के वितरकों मैसर्स अनिल छाबड़ा एण्ड कं. (हनुमानगढ़) और नन्दा बिल्डर्स (जम्मू) को इस सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन सभी ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता वैष्णो देवी के दर्शन किये तथा दूसरे दिन होटल में सेल्स मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें वहां उपस्थित लोगों ने अपने मुद्दों और समस्याओं को सभी के सामने रखा और उनके समाधानों पर विचार किया गया।



कार्यक्रम में एक पुरस्कार समारोह भी हुआ। इसमें वर्ष 2010–11 में सर्वाधिक सेल्स अर्जित करने वाले व्यक्तियों में श्री परमात्मा शरण को प्रथम, श्री मयंक कुमार को द्वितीय तथा श्री समीर कोहली को तृतीय पुरस्कार मिला। इसी वर्ष में सर्वाधिक सेल्स अर्जित करने वाले गाजियाबाद डिपो को प्रथम और जम्मू डिपो को द्वितीय पुरस्कार तथा सर्वाधिक सेल्स हासिल करने वाले मार्केटिंग हेड श्री हरबिन्दर सिंह को प्रथम तथा श्री कमल शर्मा को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री संजय पटेल
**मैसर्स पटेल प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
गली नं. 2, एच.डी.एफ.सी. बैंक के सामने
मानेकपारा, अमरेली
मो. – 09925125926

श्री सुभाष नन्दा
**मैसर्स नन्दा बिल्डर्स**
लोअर रूप नगर, मुथी कैम्प
जम्मू
मो. – 09419112762

श्री कमल
श्री पंकज
**मैसर्स रामजी दास बंसल एण्ड सन्स**
समराला रोड, मच्छीवाड़ा
जिला लुधियाना – 141115
मो. – 09855152105, 09888217093

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com